# इको फ्रेण्डली प्रतिमाएं बनाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**डूंगरपुर, (निसं)।** गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोषों के साथ शहर भर में गणपति की प्रतिमाओं के स्थापना के साथ ही दस दिवसीय गणपति उत्सव प्रारंभ हुए। इधर शहर के सभी गणेश मण्डलों द्वारा इस बार इको फ्रेण्डली तथा मिट्टी की प्रतिमाएं बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर शुभ मुहुर्त में शहर के मुरलागणेश मंदिर,घाटी स्थित गणेश नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में फौज का बडला स्थित रिद्धि-सिद्धि मण्डल द्वारा, दर्जीवाडा में केशव नवयुवक मण्डल, सुरमों का चौक में

**■ सिद्धिविनायक के उद्घोषों के साथ हुई गणपति स्थापना**



गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोषो के साथ गणपति की प्रतिमाओं के स्थापना के साथ दस दिवसीय गणपति उत्सव शुरू हुए।

गंभीरा गणपति,भोईवाडा स्थित निलकंठ नवयुवक मण्डल, सुथारवाडा स्थित गणपति नवयुवक मण्डल, धनेश्वर मंदिर में धनेश्वर मण्डल, लाभ गणपति मण्डल, न्यू कॉलोनी, विजयगंज कॉलोनी, हाउसींग बोर्ड में बुधवार को गणपति की प्रतिमाओं का जुलूस के रूप में लाया गया तथा वैदिक मंत्रोच्चारों के बीच स्थापना की गई। शहर के सभी गणपति स्थलों को आकर्षक रूप से सजाया गया है जहां पर शाम को दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर गणपति की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। गणपति की स्थापना के साथ ही दसों दिन विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इधर मुरला गणेश मंदिर पर छप्पन भोगों का आयोजन किया तथा गणपति की प्रतिमा पर रजत आंगी चढाकर मनोहारी श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात महाआरती का आयोजन भी हुआ जिसमे बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इधर लाभ गणपति मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। जहां पर भगवान की चितार्कषक श्रृंगार किया। इसीक्रम में श्री लाभ गणपति मंदिर में अध्यक्ष अजीत कंसारा के सानिध्य में गणपति उत्सव 10 दिन तक बडे धूमधाम से मानने मंडल के आदि उपस्थित रहे। इसी तरह विघ्नहर्ता मंगलकर्ता पार्वती नन्दन प्रथम आराध्य देव भगवान गणेश का जन्मोत्सव मंगलवार को जिले सहित शहर भर के मोहल्ले व कॉलोनियों में आस्था एवं उन्माद के साथ ढोल नगाडों की थाप की संगत पर मनाया गया। शहर भर में विगत कई दिनों से गणेशोत्सव को लेकर मंदिरो व गणेश पांडालों में बैठक व सजावट का दौर प्रारंभ हो चुका था।

## सार-समाचार

### सांवलिया सेठ के दर्शन किए



**मंडफिया, (निसं)।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के जस्टिस एवं उप लोकायुक्त सुशील कुमार पालू एवं उच्च न्यायालय जस्टिस अंजलि पालू ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। मंदिर पुजारी ने तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। इस मौके पर मंदिर परंपरा के अनुसार जस्टिस पालू का उपरना, प्रसाद एवं भगवान की तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर सांवलिया विशांति ग्रह चित्तौड़गढ़ के प्रबंधक राजेंद्र शर्मा एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सरपंच ने की बुजुर्ग के साथ दबंगई

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी थाना क्षेत्र की पाडली गुजरेश्वर ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा एक बुजुर्ग के साथ दबंगई करने का मामला सामने आया है। दबंगई का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें सरपंच बुजुर्ग के कपडे पकड कर उससे बहस कर रहा है। दोनों पक्षों ने चौरासी थाने में एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना चौरासी थाना क्षेत्र के पाडली गुजरेश्वर ग्राम पंचायत के गडारोदा गाँव की है। जहां ग्राम पंचायत की ओर से कच्चे रास्ते पर सीसी सडक का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। लेकिन गडारोदा निवासी नानजी 75 पुत्र दौला डिन्डोर ने प्रस्तावित सीसी सडक के रास्ते में खुद की खातेदारी जमीन होने का दावा करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। इसके बाद सरपंच लीलाराम गमेती नानजी के घर गया। जंहा दोनों के बीच बहस हो गई। बुजुर्ग नानजी ने जमीन अपने खाते की होना बताते हुए सीसी सडक नहीं बनने देने की बात कही। वहीं सरपंच लीलाराम ने जमीन बिना नाम होने का दावा किया। इस दौरान सरपंच लीलाराम ने बुजुर्ग के कपडे खींचे और उसका हाथ पकड कर डराया धमकाया। मौके पर मौजूद बुजुर्ग नानजी की पुत्रवधू ने पूरी घटना का वीडियों बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### कुएं में गिरी गाय को बाहर निकाला

**देवगढ़, (निसं)।** देवगढ़ उपखंड क्षेत्र की ताल ग्राम पंचायत के कालागुन ग्राम में एक कुएं में गाय के गिर जाने की सूचना ग्रामीणों द्वारा मिलने के बाद गौरक्षा हिंदू दल के जिलाध्यक्ष शेर सिंह चुंडावत ने अपने गौ रक्षक साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर तीन दिन से भूखी और परेशान गौ माता को कुएं से बाहर निकलने में की जान से जुट गए।विस्तृत जानकारी के अनुसार गौ रक्षा हिन्दू दल जिलाध्यक्ष शेर सिंह चुंडावत गौ रक्षक कैलाश सुथार चिताम्बा, रमेश रैगर रेल भेरूखेड़ा सहित अन्य गौ रक्षक मौके पर पहुंचे जहां जेसीबी मौके पर मंगवाई गई। कमर पर रस्सी बांधकर शेर सिंह चुंडावत कुएं के अंदर उतरे और बड़ी हिम्मत के साथ गौ माता को भी रस्सियों से बांधकर कुएं से बाहर निकाला। गौ रक्षा दल इस दौरान ठाकुर साहब चंद्रवीर सिंह चुंडावत ताल रौनक टांक कुंवारिया ,जयराम गुर्जर तेडवा का खेड़ा प्रभु लाल मेवाड़ा, मीठा लाल मेवाड़ा कालागुण, प्रेमचंद मेवाड़ा कालागुण आदि का गौ सेवा में बहुत ही सराहनीय योगदान रहा।

### मतदान प्रक्रिया के बारे में समझाया

**मंडफिया, (निसं)।** विधान सभा आम चुनाव 2023 के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत ईवीएम मशीन एवं मतदान प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम मंगलवार को श्री सांवरिया जी सेठ मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लोगों को ईवीएम मशीन द्वारा कैसे मतदान किया जाए उसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। ईवीएम मशीन प्रदर्शन एवं मतदान प्रक्रिया का कार्य संपादन के मौके पर भदेसर विकास अधिकारी सुनील कुमार जोशी, भदेसर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सालवी, अतिरिक्त विकास अधिकारी महेश चंद्र शर्मा, सहायक विकास अधिकारी बालकृष्ण शर्मा, प्रगति प्रसार अधिकारी सुमेर सिंह, कनिष्ठ सहायक करण सिंह, शैतान सिंह, सीमा चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी नारायण लाल जाट, पीठासीन अधिकारी गनी मोहम्मद, महिपाल सिंह राणावत, बाबू लाल रेगर, पुष्कर लाल शर्मा व नारायण लाल रेगर आदि ने उपस्थित रहकर लोगों को मतदान प्रक्रिया के बारे में समझाया।

### टहनी काटने के दौरान युवक की मौत

**देवगढ़, (निसं)।**पीपली नगर ग्राम पंचायत के वेर निवासी प्रेम सिंह बकरियों के लिए बेर की टहनी लेने गया उस दौरान पैर फिसलने से मौत हो गई मृतक के भाई रणजीत सिंह ने देवगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई रिपोर्ट में बताया कि घटना दिनांक 19 सितंबर दोपहर 12 बजे की है हमेशा की तरह मेरा छोटा भाई प्रेम सिंह पिता नाथू सिंह जाति रावत उम्र 35 वर्ष बकरियों के लिए खेत नामी पाल वाले खेत पर बेर की टहनी लेने गया था बेर पर टहनी काटने चढ़ा उस दौरान मेरे भाई का पैर फिसल गया जिससे नीचे गिर गया उस दौरान मेरे भाई के शरीर में गम्भीर चोटे आई उसके बाद में और मेरे परिवार के लोगो ने निजी वाहन से देवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित किया।

### गांधी प्रतिमा बदलेगी

**बांसवाड़ा, (निसं)।** नगर परिषद् की ओर से गांधी मूर्ति चौराहे पर महात्मा गांधी की प्रतिमा को हटाकर आकर्षक नई प्रतिमा स्थापित करवाई जायेगी। ध्यान रहे कि नगर परिषद् की साधारण सभा की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव लिया गया था क्योंकि स्थापित प्रतिमा वर्षों पुरानी हो चुकी थी अब ब्लेक मार्बल की नई आकर्षक प्रतिमा स्थापित की जायेगी। सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने बताया कि साधारण सभा में लिये निर्णयानुसार परिषद् ने मोहन कॉलोनी चौराहे पर स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा स्थापित करवायी है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी की नई प्रतिमा ब्लेक मार्बल पत्थर से 4.5 फीट ऊंचाई की बैठी हुई प्रतिमा स्थापित करवाई जा रही है। साथ ही गांधी मूर्ति चौराहे का सौन्दर्यकरण भी करवाया जा रहा है।

## तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**भीम, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की कालादेह ग्राम पंचायत अंतर्गत आमनेर ग्रामवासियों ने बिलानाम भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर मंगलवार को तहसीलदार अनिता सिंह को ज्ञापन सोपा। कालादेह सरपंच बलवीरसिंह, खूब सिंह हीरा सिंह मोहन सिंह तुलसासिंह तोलसिंह नारायण सिंह विराज सिंह प्रेम सिंह जीवन सिंह चतर सिंह भैरू सिंह जीत सिंह कल्याण सिंह रणजीत सिंह मनोहर सिंह गोपाल सिंह पूनम सिंह नंद सिंह रणजीत सिंह गोपाल लाल डूंगर सिंह आदि ने हस्ताक्षिरत ज्ञापन में बताया कि राजस्व गांव अमनेर के आराजी नंबर 556 में 579 में कालूसिंह निवासी ओडा का वाण पालरा ने विलन भूमि पर कब्जा कर लिया है।

## उत्तम क्षमा श्रीजी का पंचामृत अभिषेक किया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जैन समाज के पर्यूषण महापर्व के पहले दिन उत्तम क्षमा श्रीजी का पंचामृत अभिषेक किया गया। जिले के विभिन्न जिनालयों में मुनियों के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने विविध अनुष्ठान किये।

शहर के बाहुबली कॉलोनी जैन मंदिर में विराजित मुनि शुभम सागर व सक्षम सागर महाराज के सानिध्य में प्रातरू प्रथम अभिषेक रमेश सुखलाल पंचोली, प्रथम तल पर शांति धारा एवं पाण्डुक शीला पर श्रीजी विराजमान चंद्र प्रकाश नावडिया परिवार, पंचामृत अभिषेक मूल नायक पर राजेंद्र कुमार वोरा, शांतिधारा मूल नायक पर स्वर्ण कलश से बसंत कुमार अल्केश कुमार सर्राफ एवं राकेश कुमार सुशील जैन, झंडारोहण कर्ता रमन लाल राजावत, विधान के सोधर्म पंचशील परिवार रहे। मुनि ने अपने प्रवचन में बताया कि पर्यूषण पर्व का पहला दिन सुभागमन है। संपूर्ण देश इस पर्व की आराधना उपासना और भक्ति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुनि धर्म का पालन करते हैं श्रावक को उत्तम धर्म क्षमा नहीं होता। श्रावक धर्म की पालना नहीं अपितु आराधना करता है। क्षमा का तात्पर्य सहन करना और सबकुछ सहन करते हुए श्रेष्ठ प्रदान करना। जिस तरह पृथ्वी सबकुछ सहते हुए रत्न उगलती है ठीक इसी प्रकार मनुष्य को भी सहनशक्ति जागृत करते हुए परोपकार के कार्य करने चाहिए।

उन्होंने बताया कि क्रोध न करना क्षमा है। उन्होंने चेताया कि क्रोध को कभी कलह का रुप मत देना और कलह हो भी जाये तो बेर की गांठ मत बांधना। अगर यह गांठ बांध ली है तो धर्माशरण का अर्थ व्यर्थ है।

# मांग पूरी होने पर विधायक का ग्रामीणों ने जताया आभार

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत करोली के हथोड गांव में बिल्यारा नदी पुल व सडक की वर्षो पुरानी मांग को डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने शिलान्यास कर पूरा किया है।



विधायक गणेश घोघरा ( दायें से पांचवा ) ने ग्राम पंचायत करोली के हथोड गांव में बिल्यारा नदी पुल व सड़क कार्य का शिलान्यास किया।

जिला परिषद सदस्य गुलशन मनात ने बताया की ग्राम पंचायत करोली के हथोड गांव में बिल्यारा नदी पुल को बनाने को लेकर यहां के स्थानीय ग्रामीणों एवं सर्व समाज की वर्षो पुरानी मांग थी यह पुल वहा स्थित हैं, जहां डूंगरपुर जिले का सबसे बडा नीला पानी का मेला भरता है यह पुल कई गांवों को जोडता है व पूर्व में इसी पुल पर बडा हादसा होने से दो व्यक्ति को अपनी जान भी गवानी पडी थी वही ग्रामीणों ने बताया की ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रदेश महासचिव निवर्तमान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एवं डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने एतिहासिक मांग को पूरा करते हुए 6 करोड 1० लाख की लागत के पुलिया मय डामरीकरण सडक का शिलान्यास किया है जिसका सर्व समाज और ग्रामीणों ने आभार जताया और ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद अशोक गहलोत जिंदाबाद गणेश गोगरा जिंदाबाद के नारे भी लगाएं। पुलिया मय डामरीकरण सडक के शिलान्यास के बाद ग्रामीणों ओर सर्व समाज के लोगो ने विधायक घोघरा सहित कार्यकर्ताओ को माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात विधायक ने सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान सरकार की विभिन्न योजनाओं को बताया। इस दौरान बिछीवाडा ब्लॉक अध्यक्ष दिक्षांत पाटीदार डूंगरपुर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साद डूंगरपुर प्रधान कांता देवी कोटेड जिला परिषद सदस्य गुलशन मनात मंडल अध्यक्ष संजय जोशी, केवलाराम कोटेड युथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पवन गमेती मिडिया प्रभारी अजित लबाना हाथ से हाथ जोडो के प्रभारी लक्ष्मीचंद यादव ब्लॉक महासचिव राजेंद्र कलासुआ, धनपाल तबियाड, अमित जोशी, बहादुर मनात सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता कई ग्रामीण जन और पीडब्ल्यूडी के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### भाजपा की जिला बैठक सम्पन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी जिला डूंगरपुर की बैठक जिला प्रभारी कमलेश पुरोहित के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले के सभी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष आने वाले कार्यऋमों के संयोजक सहसंयोजक व प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में योजना बनाकर 20 में 21 सितंबर को जिले में सभी मंडल व 22 से 23 सितंबर को जिले के सभी शक्ति केंद्रों पर बैठक का आयोजन रखा गया व इस निमित्त प्रभारी तय किए गए। बैठक में मुख्य रूप से सेवा पखवाडाए परिवर्तन संकल्प सभा जयपुर, विधानसभा स्तर पर सामाजिक सम्मेलनए बूथ सशक्तिकरण अभियान और आगामी कार्यऋम के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाडा के तहत पौधारोपण, आयुष्मान भारत कार्ड, रक्तदान शिविर, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, बस्ती संपर्क अभियान, विशेष स्वच्छता अभियान पर चर्चा कर प्रभारी नियुक्त किए गए।अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजातिए अन्य पिछडा वर्ग, महिला व प्रभावी मतदाता के सामाजिक सम्मेलन की रूप रेखा तय कर प्रभारी व संयोजक बनाए गए। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आयोजित होने वाली परिवर्तन संकल्प सभा जयपुर में प्रत्येक बूथ से बडी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि को सुनिश्चित करने के लिए रचना की गई।प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा में महिला आरक्षण बिल का आना देश की आधी आबादी को संबल प्रदान करना है। जिला बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय का अभिनंदन किया गया। बैठक में मंच पर जिला प्रमुख सूर्या अहारी, पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र ,गुरुप्रसाद पटेल, पूर्व विधायक अनिता कटारा, माधव वारहत, महामंत्री धनपाल , इंद्रवीर सिंह डूंगरपुर विधानसभा प्रभारी शांतिलाल मेघवाल, प्रधान सागवाडा ईश्वर सरपोटा, गलियाकोट प्रधान जयप्रकाश पारगी, दीनदियालसिंह चौहान उपस्थित थे। संचालन जिला महामंत्री नानुराम परमार ने किया।

### बाल हक-ई बॉक्स पोस्टर का विमोचन

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक जिला कलक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई,जिसमें बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लोहित आमेटा ने राजकीय गैर राजकीय बाल देखरेख संस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।बैठक में जिला कलक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री ने शिक्षा विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को बाल लैंगिक हिंसा की रोकथाम से संबंधित शॉर्ट मूवी विद्यालय एवं छात्रावास में प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग को बाल श्रमिकों से संबंधित रेस्क्यू ऑपरेशन करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के जॉइंट एक्शन प्लान-बाल नशा मुक्ति के धरातल पर ऋियान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।बैठक के अंत में जिला कलक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री ने बच्चों के लिए बाल अधिकारिता विभाग के शिकायत निवारण तंत्र के रूप में विकसित बाल हक-ई बॉक्स के पोस्टर का विमोचन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा किसी भी संकटग्रस्त स्थिति में होने पर गोपनीयता को बनाए रखते हुए शिकायत दर्ज कराने का प्रावधान हैं। इस पर संबंधित विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही बच्चों को पोस्टर केयर में दिए जाने वाले संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने के निर्देश प्रदान किए हैं।बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक शर्मा, सहायक निदेशक लोहित आमेटा, चिकित्सा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के अधिकारी तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी कपिल वैष्णव, राकेश मनात, अक्षयपाल सिंह चौहान उपस्थित रहे।

### डेयरी केबिन व गल्ले को बनाया निशाना

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर में रात्रि को अज्ञात बदमाशों ने दो केबिनों को अपना निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के राजपुर घाटी पर स्थित दूध डेरी केबिन और एक अन्य केबिन का शटर तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दूध डेयरी संचालक हेमराज पुत्र हीरालाल पटेल ने बताया की रोजाना की तरह सोमवार शाम को दुकान बंद कर घर गया था। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे राजपुर घाटी स्थित दूध डेरी की दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दुकान का शटर बीच में से मुडा हुआ है। दुकान खोलकर अंदर देखा तो गल्ले की दराज खुली हुई थी तथा गल्ले में रखी करीब दो हजार रुपए नकद, पोस्ट ऑफिस बैंक डायरी सहित खाद्य पदार्थ सामग्री को अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गए। वही राजपुर घाटी पर एक अन्य केबिन के पीछा का लोहे के पतरा खोलकर भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। केबिन मालिक किशन यादव ने बताया की बदमाशों ने केबिन के पीछे के हिस्से के लोहे के पतरो को तोडकर घुसे तथा केबिन में रखे ब्रेंड के पैकेट सहित करीब एक हजार रुपए का सामान चोरी कर ले उडे है।

### रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**देवगढ़, (निसं)।**32 वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय छात्र-छात्रा रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय राजीव गांधी स्टेडियम में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी अजय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खलें और खेल में अपना शत -प्रतिशत देने का प्रयास करें । साथ ही खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया वह ध्वजारोहण कर उद्घाटन की घोषणा की। प्रतियोगिता के आयोजक केम्ब्रीज अकेडमी के चेयरमेन अजयपाल सिंह शक्तावत व व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह शक्तावत ने अतिथियों का उपरणा व साफा पहनाकर स्वागत किया । स्वादड़ी प्रधानाचार्य प्रहलाद सिंह कच्छावा ने अतिथियों का शब्द सुमनों से स्वागत किया।जनरल रेफरी कुलदीप सिंह ने प्रतियोगिता का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी अजय, अध्यक्ष मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा, विशिष्ट अतिथि नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश नराणिया, रग्बी फुटबॉल संघ के जिलाध्यक्ष जय सिंह चुण्डावत, पूर्व प्रधान चिरंजी लाल टांक, मोहन सिंह राठौड़, अजय नरानिया, ए सी बी ओ कान सिंह, प्रधानाचार्य भारती अरोड़ा, सरपंच पीपली सुरेश भाई भाट, तपन जोशी सहित पूरे जिले से सैंकड़ो खिलाड़ी उपस्थित रहे

# मतदान में हर मतदाता की भागीदारी जरूरी : सीईओ राहुल जैन

**राजसमंद, (निसं)।** जिला परिषद सीईओ राहुल जैन ने मंगलवार सुबह अपने कक्ष में बैठक लेकर स्वीप संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन के मध्यनजर जिले में स्वीप गतिविधियों को वृहद स्तर पर आयोजित करने और हर वोटर तक पहुँच कर उसे जागरूक करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने सभी से सुझाव भी लिए और समय पर इन सुझावों के क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए।



जिला परिषद सीईओ राहुल जैन ( बीच में ) ने स्वीप गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता जागरूकता गतिविधियों पर विशेष जोर दिया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स की भी मदद लेने और मतदाता जागरूकता हेतु नवाचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान में हर मतदाता की भागीदारी जरूरी है और हमारा कर्तव्य है कि मतदाता जागरूकता गतिविधियां पूरी गंभीरता के साथ आयोजित हो जिससे लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाया जा सके।शहर से लेकर गाँव तक मतदाताओं को जागरूक करेंगे। बैठक में उन्होनें मतदाता जागरूकता हेतु साउंड ट्रेक एवं शॉर्ट फिल्म निर्माण, वॉटर हेल्पलाइन एप अधिकाधिक डाउनलोड करवाने, सार्वजनिक स्थानों पर वॉटर हेल्पलाइन एप के क्यूआर कोड को चस्पा कर प्रदर्शित करने, आगामी मेलों एवं अन्य बड़े आयोजनों में स्टॉल या प्रदर्शनी के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने, काव्य गोष्ठी माध्यम से प्रचार प्रसार करने आदि को लेकर निर्देश दिए।

इसी प्रकार से मासिक बिलों और रोगी पर्चियों पर मतदाता जागरूकता स्टाम्प लगवाने, ग्राम सभाओं के बाद ग्रामीण अञ्चल में रेलियाँ कर प्रचार करने, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता, संकल्प पत्र भरवाने, वाद विवाद प्रतियोगिताएं करवाने, ऑटो रेली, दौड़, मैराथन, खेल प्रतियोगिताएं जैसी गतिविधियां भी आयोजित करने की बात कही।

## इमरत रसूल बाबा का उर्स सम्पन्न

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के ब्रह्मपोल बाहर स्थित दरगाह हजरत इमरत रसूल शाह बाबा के चल रहे तीन दिवसीय 133वें उर्स का समापन मंगलवार को बाद नमाज अस्र रंग-सलातो-सलाम व दुआ के साथ हुआ।

दरगाह कमेटी के सदर सरवर खान पठान व सेक्रेट्री शादाब खान ने बताया कि उर्स के तीसरे दिन दोपहर बाद नमाज जौहर महफिल समां समें कव्वाल पार्टियों ने नातिया कलाम व सूफियाना कलाम पेश किए। दरगाह कमेटी के मीडिया प्रभारी मोहसिन हैदर ने बताया कि दरगाह कमेटी सदर सरवर खान पठान, पूर्व सदर मुहम्मद यूसुफ, सेक्रेट्री शादाब खान, मुबारिक हुसैन, हाजी इक़बाल हुसैन, एडवोकेट तनवीर इकबाल, शब्बीर हुसैन, इमरान खान, मुबीन खान, तौकीर खान, अमजद खान सहित कमेटी के सदस्यों व जायरीनों ने चादर पेश की। जायरीनों के लिए लंगर व तबर्रूक का वितरण किया गया। कुल की फातेहा से पहले कव्वाल पार्टियों ने मिलकर हजरत अमीर खुसरों का लिखा हुआ रंग - आज रंग है ऐ मां रंग है री, मेरे इमरत रसूल के घर रंग है... पढा। इसके बाद कुल की फातेहा हुई

# पुनावली में नवक्रमोन्नत विद्यालय का उद्घाटन

**राजसमंद, (निसं)।** समीपवर्ती साकरोदा ग्राम पंचायत अन्तर्गत पुनावली गांव में नव क्रमोन्नत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन समारोहपूर्वक हुआ।



पुनावली में नव क्रमोन्नत विद्यालय का उद्घाटन हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवकीनंदन गुर्जर एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रमुख नारायण सिंह भाटी, पूर्व प्रधान शांतिलाल कोठारी, भामाशाह एवं समाजसेवी बालूलाल गुर्जर, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष पुष्कर श्रीमाली, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गुर्जर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष खुमसिंह मूंदावत व पुर्व सरपंच किशन गुर्जर, गोपाल गुर्जर, आदि थे। प्रारम्भ में अतिथियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता कर विद्यालय का विधिवत उद्घाटन करते हुए हर्ष जताया कि विद्यालय क्रमोन्नयन होने से स्थानीय विद्यार्थियों के साथ ही अभिभावकों को काफी राहत मिलेगी वहीं विशेष रूप से बालिकाओं के लिए बेहद कारगर रहेगा। मुख्य अतिथि पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही प्रदेश में चिकित्सा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, कृषि, ग्रामीण विकास, रोजगार आदि क्षेत्रों में पूरी दृढ़ता से कार्य कर रही है तथा जन सुविधाओं में विस्तार के लिए तत्पर है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने मौजूदा कार्यकाल में राज्य के गरीब, मजदूर, किसान सहित हर वर्ग के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की है जो ऐतिहासिक बन गई है। समाज में पिछड़े वर्गो के उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम शुरू किए है जिससे भरपूर राहत पहुंच रही है।

समारोह में भामाशाह बालूलाल गुर्जर सहित अन्य अतिथियों ने भी विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इसके बाद गांव स्थित मुख्य चौक में ग्रामीण जन सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें पूरे पंचायत क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।